पत्रांकः मिड–डे–मील / 3679–85 /2013–14/ दिनांक 29.3.2014

सेवा में,

उप सचिव ,
उ0प्र0, शासन– लखनऊ।

विषयः– मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत वर्ष 2013–14 के तृतीय त्रैमास में खाद्यान्न लागत के भुगतान हेतु प्राप्त अनुदान में से धनराशि मु0: 68,98,381.00 रू0 एवं परिवहन व्यय के भुगतान हेतु प्राप्त अनुदान में से धनराशि मु0:09,87,034.00 रू0 को सर्मिपत किये जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सादर अवगत कराना है कि मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत जनपद को वर्ष 2013–14 के तृतीय हेतु भारतीय खाद्य निगम– गोंडा द्वारा आपूर्ति किये गये खाद्यान्न के भुगतान हेतु आपके शासनादेश संख्याः 1228/79–6–2013 दिनांक 10.01.2014 द्वारा मु0: 1,15,54,400.00 रू0 एवं उ0प्र0रा0खा0 एवं आवश्यक वस्तु निगम, बलरामपुर द्वारा आपूर्ति किये गये खाद्यान्न के परिवहन व्यय के दावों भुगतान हेतु शासनादेश संख्याः 1229/79–6–2013 दिनांक 16.01.2014 द्वारा मु0: 16,13,900.00 रू0 एवं प्राप्त हुये थे। उक्त अनुदान धनराशि वित्तीय वर्ष 2012–13 के आय व्ययक के अनुदान संख्या –71 के अधीन लेखा शीर्षक 2202– सामान्य शिक्षा – 01 प्रारम्भिक शिक्षा – आयोजनागत –112– विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन का राष्ट्रीय कार्यक्रम– 01– केन्द्रीय आयोजनागत/ केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें –0102 – खाद्यान्न तथा प्रबन्धन व्यय (के0 100/रा0के0) –20 –सहायता अनुदान– सामान्य (गैर वेतन) के अन्तर्गत प्राप्त हुयी है।

भारतीय खाद्य निगम– गोंडा द्वारा जनपद को वर्ष 2013–14 के तृतीय एवं चतुर्थ त्रैमास में आपूर्ति किये गये खाद्यान्न के लागत का भुगतान करने के उपरान्त शासनादेश संख्याः 1228/79–6–2013 दिनांक 10.01.2014 द्वारा मु0: 1,15,54,400.00 रू0 में से मु0: 68,98,381.00 रू0 एवं उ0प्र0रा0खा0 एवं आवश्यक वस्तु निगम, बलरामपुर द्वारा वर्ष 2013–14 के तृतीय एवं चतुर्थ त्रैमास आपूर्ति किये गये खाद्यान्न के परिवहन व्यय के दावों के भुगतान के उपरान्त शासनादेश संख्याः 1229/79–6–2013 दिनांक 16.01.2014 द्वारा मु0: 16,13,900.00 रू0 में से मु0: 09,87,034.00 रू0 अवशेष बच रहे हैं। इस प्रकार कुल मु0: 78,84,415.00 रू0 का उपभोग वित्तीय वर्ष 2013–14 में नहीं किया जा सकता है।

अतः उक्त धनराशि आपकी सेवा में सादर समर्पित है।

भवदीय
29/03/14
(मुकेश चन्द्र)
जिलाधिकारी
बलरामपुर।

पृ0सं0:– मिड–डे–मील / /2013–14 दिनाकित।

प्रतिलिपि

1. अनु सचिव, उ0प्र0 शासन– लखनऊ
2. शिक्षा निदेशक, बेसिक– उ0प्र0 विद्या भवन निशातगंज– लखनऊ।
3. निदेशक मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण, उ0प्र0– लखनऊ।
4. वरिष्ठ कोषाधिकारी, बलरामपुर।
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी– बलरामपुर।
6. वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा)– बलरामपुर।
7. कार्यालय प्रतिलिपि

जिलाधिकारी
बलरामपुर।